**भारत सरकार**
**रेल मंत्रालय**

**लोक सभा**
**27.11.2024 के**
**अतारांकित प्रश्न सं. 368 का उत्तर**

**महाराष्ट्र में रेलवे क्रॉसिंग पर दुर्घटनाएँ**

**368. डॉ. कल्याण वैजीनाथराव काले:**

**क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:**

**(क) क्या सरकार के पास रेलवे क्रॉसिंग पर हुई दुर्घटनाओं के बारे में कोई डाटा है;**

**(ख) यदि हां, तो पिछले तीन वर्षों के दौरान, विशेष रूप से महाराष्ट्र के लिए, तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;**

**(ग) क्या यह सच है कि बड़ी संख्या में रेलवे क्रॉसिंग अभी भी रेलवे बैरियर के बिना या तथाकथित मानवरहित रेलवे क्रॉसिंग संचालित हो रही हैं;**

**(घ) यदि हां, तो राज्य और जिले-वार तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;**

**(ङ) क्या सरकार के पास देश में निर्मित/निर्माणाधीन और प्रस्तावित ओवर ब्रिजों के बारे में कोई डाटा है; और**

**(च) यदि हां, तो राज्य और जिले-वार तत्संबंधी ब्यौरा क्या है**

**उत्तर**

**रेल, सूचना और प्रसारण एवं इलेक्ट्रोनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री**

**(श्री अश्विनी वैष्णव)**

**(क) से (च): विवरण सभा पटल पर रख दिया गया है।**

*********

महाराष्ट्र में रेलवे क्रॉसिंग पर दुर्घटनाओं के संबंध में दिनांक 27.11.2024 को लोक सभा में डॉ. कल्याण वैजीनाथराव काले के अतारांकित प्रश्न सं. 368 के भाग (क) से (च) के उत्तर से संबंधित विवरण।

(क) से (च): भारतीय रेल के बड़ी आमान लाइनों के नेटवर्क पर सभी मानव रहित समपार (यूएमएलसी) 31.01.2019 तक समाप्त कर दिए गए हैं।

समपारों (एलसी) के स्थान पर ऊपरी/निचले सड़क पुल के कार्यों को मंजूरी देना और उनका निष्पादन, भारतीय रेल पर एक सतत् और गतिशील प्रक्रिया है। ऐसे कार्यों को प्राथमिकता दी जाती है और रेलगाड़ी परिचालन में संरक्षा पर इसके प्रभाव, गाड़ियों की गतिशीलता और सड़क उपयोगकर्ताओं तथा व्यवहार्यता पर इसके प्रभाव आदि के आधार पर शुरू किया जाता है।

दिनांक 01.04.2024 की स्थिति के अनुसार, भारतीय रेल पर 92,692 करोड़ रु. की लागत पर 4200 अदद ऊपरी/निचले सड़क पुल को स्वीकृत किया गया है जो योजना और निष्पादन के विभिन्न चरण पर हैं। भारतीय रेल पर मौजूदा वित्त वर्ष 2024-25 (अक्टूबर 24 तक) के दौरान 451 अदद ऊपरी/निचले सड़क पुलों का निर्माण किया गया है।

ऊपरी/निचले सड़क पुलों के स्वीकृत कार्यों के राज्य-वार आंकड़ों का ब्यौरा निम्नानुसार है;-

| राज्य | ऊपरी/निचले सड़क पुल |
|---|---|
| आंध्र प्रदेश | 248 |
| असम | 51 |
| बिहार | 204 |
| छत्तीसगढ़ | 101 |
| दिल्ली | 18 |
| गोवा | 4 |
| गुजरात | 323 |
| हरियाणा | 148 |
| जम्मू एवं कश्मीर | 2 |

| | |
|---|---|
| झारखंड | 160 |
| कर्नाटक | 105 |
| केरल | 137 |
| मध्य प्रदेश | 306 |
| महाराष्ट्र | 324 |
| ओडिसा | 218 |
| पुद्दुचेरी | 2 |
| पंजाब | 62 |
| राजस्थान | 444 |
| तमिलनाडु | 240 |
| तेलंगाना | 136 |
| उत्तर प्रदेश | 741 |
| उत्तराखंड | 11 |
| पश्चिम बंगाल | 215 |
| कुल | 4200 |

पिछले तीन वर्षों (2021-22 से 2023-24 तक) के दौरान समपार फाटकों पर दो दुर्घटनाएं हुईं।

******